सफाई कर्मियों को बांटे जैकेट

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन चंद्रप्रकाश लोधी ने गुरुवार को सफाई कर्मचारियों को जैकेट बांटा। इसके पहले जलकल परिसर से दो डंपर सफाई विभाग को दिए गए। स्थायी सफाई कर्मचारी ऑरेंज कलर और संविदा सफाई कर्मचारियों को ग्रीन कलर की जैकेट प्रदान की गई। चेयरमैन ने कहा सफाई कर्मचारी अपना जैकेट पहन ड्यूटी करें, पहचान में कोई दिक्कत नहीं होगी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती, सफाई निरीक्षक आबिद अली, बड़े बाबू लालमणि त्रिपाठी, अवर अभियंता जलकर गौरीशंकर पटेल मौजूद रहे।

फीता काटकर डंपर को रवाना करते चेयरमैन चंद्रप्रकाश लोधी।